
Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# आपदा प्रबंधन की कार्यशालाओं पर उठने लगे अब सवाल

**सवाल**

## टांगा व गैला गांव में ग्रमीणों व विधायक धामी ने संभाली राहत कार्य की कमान

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। सीमांत जनपद पिथौरागढ़ जिला आपदा की दृष्टि से बेहद संवेदनशील माना जाता है। जिले में तमाम एनजीओ व अन्य संगठन व विभागों को जिले में आपदा प्रबंधन की विभिन्न कार्य प्रणाली से जोड़ा भी गया है। जब सीमांत तहसील क्षेत्र में आपदा की घटनाएं घटती है तो जिले के आपदा प्रबंधन टीम की नींद समय पर नही खुलती। ऐसे समय में जिले के आपदा प्रबंधन की कार्यशालाओं पर सवाल खड़े होने शुरू हो चुके है।

बता दें कि सीमांत तहसील मुंसयारी के बंगापानी के टांगा गांव व गैला गांव में जिस रात आपदा का भंयकर घटना घटी उसके तत्काल बाद खेत्र के जागरूग ग्रमीण व विधायक हरीश धामी ने इस आपदा की सूचना मिलते ही मौके पर आपदा प्रभावित क्षेत्र में प्रभावितों की मदद के लिए पहुंच गये। वही गांव के



ग्रमीणों व विधायक धामी ने हर संभव राहत बचाव कार्य मे जुटकर इलाके के प्रभावित लोगों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने में मदद की।

जब खुद गांव में मौके पर आपदा प्रभावित क्षेत्र में विधायक धामी ने इस घटना की जानकारी जिले के आपदा प्रबंधन को देनी चाही तो जिले के आपदा प्रबंधन टीम की फोन की घंटी बजने के बावजूद किसी ने फोन उठाने की जिम्मेदारी तक नही समझी।

अगर क्षेत्र में आपदा प्रबंधन की कार्य प्रणाली को लेकर बात करें तो आपदा प्रबंधन स्थल पर पहुंचने में प्रशासन की टीम को घंटों लग जाते है। जिम्मेदार अधिकारी अपनी कमियों को छिपाने के लिए दोष दूसरों पर मढ़नें लगते है। ऐसी घटना की पोल सीमांत के मुंसयारी व बंगापानी क्षेत्र में आई आपदा की घटना में खुलते नजर आई। बता दें कि आनन फानन में देर से पहुची आपदा प्रभावित क्षेत्र में पहुंची आपदा प्रबंधन की टीम शवों को गिनने और आपदा में हुए नुकसान के आंकलन में जुट गया।

जानकारी के मुताबिक क्षेत्र के स्थानीय ग्रमीणों व धारचूला क्षेत्र के विधायक हरीश धामी क्षेत्र में पहले ही राहत बचाव कार्य में जुटे रहे। सीमांत के ग्रमीणों ने जैसे तैसे खुद के प्रयासों से घरेलू उपायों के माध्यम से गांव के युवाओं के क्षत विक्षत शव निकाले।

जिले के आपदा प्रबंधन के सेवन डेस्क की प्रमुख डेस्क चिकित्सा टीम घटना के तीस घंटे बीतने के बाद भी आपदा प्रभावित क्षेत्र में नही पहुंच सकी तो ऐसे हालातों में आपदा प्रबंधन का ढुलमुल रवैया व सीमांत क्षेत्र में जन धन की हानि व आपदा प्रबंधन द्वारा की जाने वाली आपदा न्यूनीकरण की कार्यशालाएं महज खाना पूर्ति के अलावा और कुछ नही है।

## न्यूज डायरी

### जिले में गलत जानकारी देकर पहुंचे चार युवकों पर हत्या का केस हुआ दर्ज

**संवाददाता** पिथौरागढ़। जानकारी छिपाकर जिले में पहुंचे चार युवओं पर जनपद के पुलिस प्रशासन ने चार युवकों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है। ये युवक बिजनौर ग्रेटर नोएडा हापुड व शामली के रहने वाले है। वही बिना आईडी के जिले में निजी होटल में इन युवकों को ठहराने वाले होटल के मालिक पर पांच हजार का चालान कर जुर्माना भी लगाया गया है। इन युवकों के नाम है बलवंत सिंह रामनगर,सचिन निवासी बिजनौर,जितेन्द्र कौशिक ग्रेटर नोएडा, दीपक पाल हापुड व अवनीश निवासी शामली शामिल है। इन युवकों पर आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत कारवाही हुई है।

### भ्रमक समाचार डालने वाले पर होगी कारवाही

**संवाददाता** पिथौरागढ़। जिले के बिसाड गांव में एक युवक के कोरोना पाजिटिव मिलने के बाद उसी युवक के गांव के 35 लोगों की झूठी कोरोना पाजिटिव रिपोर्ट सोशल मीडिया में वायरल करने वाले भ्रमक समाचार फैलाने वाले पर जिले का पुलिस प्रशासन सख्त कारवाही करने के मूड में है। वही पुलिस अधीक्षक प्रीति प्रियर्दर्शनी ने अपील की है कि जिले मेंऐसी भ्रमक खबर फैलाने वाले पर जनपद का पुलिस प्रशासन ठोस कारवाही करेगा और काफी सख्ती भी बरतेगा।

### डेल टेक्नॉलॉजीज ने 2020 पीसी गेमिंग पोर्टफोलियो प्रस्तुत किया

**संवाददाता** देहरादून। भारत में डेल टेक्नॉलॉजीज एवं एलियनवेयर ने एलियनवेयर एम15 आर3, डेल जी5 15 एसई, डेल जी5 15, एवं डेल जी3 15 के साथ पीसी गेमिंग के लिए लेटेस्ट उत्पाद प्रस्तुत किए। डेल ने 2017 में डेल जी सीरीज गेमिंग लैपटॉप प्रस्तुत किए थे। इसके बाद डेल जी सीरीज गेमिंग की लोकप्रियता कैज्युअल से इंटरमीडियरी गेमर्स के बीच बढ़ती चली गई। अब डेल डिजाईन, गेम फंक्शनलिटी एवं परफॉर्मेंस के मिश्रण के साथ जी सीरीज पोर्टफोलियो पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, ताकि यूजर्स गेम के लिए सदैव तैयार रह सकें। यह पोर्टफोलियो गेमिंग पीसी की शक्तिशाली गेमिंग श्रृंखला प्रस्तुत करता है, जो शौकिया एवं प्रोफेशनल गेमर्स, दोनों को आकर्षित करेगी। राज कुमार ऋषि, वाईस प्रेसिडेंट एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, कंज्यूमर एवं स्मॉल बिजनेस, डेल टेक्नॉलॉजीज, इंडिया ने कहा, ''हम लेटेस्ट एवं सबसे विस्तृत गेमिंग पोर्टफोलियो प्रस्तुत कर रहे हैं। गेम प्ले की दिलचस्पी बढ़ने के साथ आज गेमर्स टूल्स में विविधता चाहते हैं। इस नई श्रृंखला के साथ हम ग्राहकों की प्रतिक्रिया व फीडबैक देखने के लिए उत्साहित हैं।''

## सतपाल महाराज ने केंद्रीय पर्यटन मंत्री प्रह्लाद पटेल से की मुलाकात

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड के पर्यटन, धर्मस्व और संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने केंद्रीय पर्यटन व संस्कृति मंत्री प्रह्लाद पटेल से मुलाकात की। उन्होंने इस दौरान उत्तराखंड की पर्यटन परियोजनाओं के लिए धनराशि जारी करने को कहा है।

सतपाल महाराज ने केंद्रीय मंत्री को उत्तराखंड राज्य की ओर से चारधाम की एक कृति (मॉडल) भेंट की। महाराज ने कहा कि जैसे–जैसे संक्रमण की गति थमेगी और स्थितियों में सुधार होगा, चारधाम की यात्रा को दूसरे राज्यों के लिए भी खोला जाएगा। केंद्रीय मंत्री के साथ मुलाकात में सतपाल महाराज ने केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय की स्वदेश दर्शन और प्रसाद योजनाओं के अंतर्गत उत्तराखंड सरकार की विभिन्न पर्यटन योजनाओं के लिए धनराशि स्वीकृत करने का भी अनुरोध किया। सतपाल महाराज ने केंद्रीय मंत्री को जानकारी दी कि स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत टिहरी में इको एंड एडवेंचर डेस्टिनेशन का 98 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। अब केवल टिहरी पार्किंग निर्माण का कार्य शेष बचा है जिसे सितंबर 2020 तक पूरा कर लिया जाएगा। इसी प्रकार कुमाऊं हेरिटेज सर्किट का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।



केंद्रीय पर्यटन मंत्री प्रह्लाद पटेल से मुलाकात करते सतपाल महाराज।

## दून पुलिस ने जांच रिपोर्ट शासन को भेजी, अब कार्रवाई पर नजर

**संवाददाता**

देहरादून के आरटीओ विभाग में हुए फर्जी तबादला आदेश में पुलिस जांच पूरी हो गई है और दून पुलिस ने जांच रिपोर्ट शासन को भेज दी है। सूत्रों का कहना है कि इसमें पुलिस ने फर्जी ट्रांस्फर लैटर तैयार करने वाले आरोपी कुलबीर सिंह और अपर आयुक्त की मिलीभगत पाई है। पुलिस जांच में पता चला है कि अपर आयुक्त और कुलबीर सिंह के बीच पिछले लंबे समय से ट्रांसफर को लेकर बातचीत चल रही थी।

26 जून को देहरादून के आरटीओ में हुए फर्जी तबादला आदेश से हड़कंप मच गया था, जिसके अनुसार अपर आयुक्त

### फर्जी तबादला कांड में मिलीभगत से हड़कंप, जांच पूरी

परिवहन सुधांशु गर्ग को आरटीओ देहरादून की जिम्मेदारी दी गई थी और मौजूदा आरटीओ दिनेश चन्द पठोई को शासन में बैठा दिया गया था।

मौजूदा आरटीओ दिनेश चन्द पठोई ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज करवाया और मामले की गम्भीता को देखते हुए डीआईजी अरुण मोहन जोशी ने जांच के लिए एक एसआइटी का गठन किया। इसके बाद केस के मुख्य आरोपी कुलबीर सिंह को गिरफ्तार किया गया था और उससे पूछताछ के बाद उसने माना कि फर्जी तबादला आदेश उसी ने बनाया था। एसआईटी की जांच में सुधांशु गर्ग और आरोपी की मिलीभगत सामने आई।

यह मामला एक डील से शुरू हुआ था जो आरोपी कुलबीर सिंह और उप–आयुक्त सुधांशु गर्ग के बीच हुई थी। इसमें उप–आयुक्त सुधांशु गर्ग को आरटीओ देहरादून का पद मिलना था और बदले में आरोपी कुलबीर को देहरादून सिटी बसों का परमिट दिया जाना था।

कुलबीर के नेताओं और अधिकारियों के साथ संबंध होने के चलते सुधांशु गर्ग भी कुलबीर के झांसे में आ गए और फर्जी ट्रांसफर ऑर्डर को सही समझ कर आरटीओ में अपनी पोस्टिंग लेने निकल पड़े। वहां पहुंचकर पता चला कि यह तो पूरा मामला ही फर्जी है।

## पंचगाई पट्टी के धारा गांव में आग से तीन मंजिला मकान जला

पुरोला। पंचगाई पट्टी के धारा गांव में बुधवार देर रात को अचानक लगी आग से एक 3 मंजिला मंकान जल कर राख हो गया मकान में तीन भाई अलग–अलग रहते थे। आग से किसी तरह का जानी व पशुओं को नुकसान नहीं हुआ। घटना की सूचना पर राजस्व पटवारी टीम गुरुवार सुबह जायजा लेने मौके लिए रवाना हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार देर सांय को पंचगाई पट्टी के धारा गांव में उस वक्त अफरातफरी मंच गई जब लोग अपने घरों में खाना खा रहे थे कि अचानक रमेश पुत्र मनीराम के तीन मंजिला मकान से आग की लपटे उठनें लगी । लोग खाना छोडकर पानी के बरतन लेकर घटनास्थल की ओर दौड पडे व आग बुझानें में जूट गये। गनीमत रही की घटना देर रात से पहले की है तथा लोग जाग रहे थे,कहीं रात को लोगों के सोने के बाद आग लगती तो धाराग के घनी बस्ती के चलते बडा अग्नि कांड हो जाता। उधर सूचना मिलनें पर राजस्व पटवारी जखोल नुकसान का जायजा लेने गुरूवार सुबह टीम धारागांव पंहुंच गई।